# भर दे रे श्याम झोली भर दे | By Mukesh Bagda

दिन बीते बीती रातें अपनी कितनी हुई रे मुलाकातें
तुझे जाना पहचाना तेरे झूठे हुए रे सारे वादे
भूले रे श्याम तुम तो भूले क्या रखा है बातों में
भर दे रे .....

नादान है अनजान है श्याम तू ही मेरा भगवान् है
तुझे चाहूँ तुझे पाऊं मेरे दिल का यही अरमान है
पढ़ ले रे श्याम दिल की पढ़ ले सब लिखा है आँखों में
भर दे रे .....

मेरी नैया ओ कन्हैया पार कर दे तू बन के खिवैया
मैं तो हारा ग़म का मारा आजा आजा ओ बंसी के बजैया
लेले रे श्याम अब तो लेले मेरा हाथ हाथों में
भर दे रे .....

तू है मेरा मैं हूँ तेरा मैंने डाला तेरे दर पे डेरा
मुझे आस है विश्वास है श्याम भर देगा दमन तू मेरा
झूमे रे श्याम नंदू झूमे झूमे तेरी बाँहों में
भर दे रे .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/